खतरा | सड़क मार्ग के मोड़ पर बढ़ा हादसों का खतरा

# भर्रा-झगरा मार्ग पर कटीली झाड़ियों का कब्जा



**नवभारत,जबलपुर बेलखाड़ू।** भर्रा-झगरा मार्ग इन दिनों झाड़ियों की लगातार बढ़ती समस्या के कारण खतरनाक होता जा रहा है। सड़क किनारे उगी बबूल की कटीली झाड़ियां अब इतनी घनी और लंबी हो चुकी हैं कि खासकर मोड़ों पर दृश्यता लगभग खत्म हो गई है। इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले किसान, मजदूर, छात्र-छात्राएं और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोड़ों पर स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है, जहां झाड़ियों के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। अचानक वाहन सामने आने पर संभालना मुश्किल हो जाता है, जिससे दोपहिया वाहनों की टक्कर की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर कई ऐसे मोड़ हैं जो अब 'ब्लैक स्पॉट' बन चुके हैं। यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया, लेकिन अब तक झाड़ियों की कटाई या सफाई की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। इससे लोगों में नाराजगी और डर दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

### ग्रामीणों की मांग

मार्ग के सभी मोड़ों पर तुरंत झाड़ियों की सफाई कराई जाए और नियमित देखरेख की व्यवस्था की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भर्रा-झगरा मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी।



## रानी अवन्ति बाई लोधी के बलिदान दिवस पर सम्मान समारोह

**नवभारत,पनागर।** वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर 22 मार्च 2026 को लोधी क्षत्रिय समाज पनागर द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इसके साथ ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बुजुर्गों एवं वरिष्ठ जनों को भी सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरोज कुमार गिरिया (मुख्य अभियंता, एमपीईबी जबलपुर) ने अपने उद्बोधन में अपने अनुभव साझा करते हुए समाज में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोधी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ओंकार प्रसाद ठाकुर ने की।

### इनका रहा योगदान

इस आयोजन को सफल बनाने में कोमल पटेल, तुलसीराम पटेल, राजेंद्र बाबू, श्याम किशोर पटेल, वीरेंद्र लोधी, गणेश लोधी, राजकुमार वर्मा, कमल लोधी, राजेश ठाकुर (बंटी), सुरेश लोधी, रम्मू लाल लोधी, रामचरण लोधी, धनी राम लोधी, जीवन, जगदीश लोधी, बालकिशन लोधी, शैलेन्द्र वर्मा एवं मनीष ठाकुर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रहलाद पटेल द्वारा किया गया।

## अनियमितताओं पर उठे सवाल, आंदोलन की तैयारी



▶ अधिवक्ता फोरम पनागर की बैठक आयोजित

**नवभारत,पनागर।** तहसील पनागर स्थित अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता फोरम पनागर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील पनागर में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके निराकरण हेतु ठोस कदम उठाने पर सहमति बनी। फोरम के सदस्यों ने निर्णय लिया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होता है, तो हाई कोर्ट बार एसोसिएशन एवं जिला बार एसोसिएशन के सहयोग से बृहद आंदोलन की तैयारी की जाएगी। इस संबंध में रणनीति बनाकर आगे की कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र सेन, सचिव के.के. कुशवाहा, उपाध्यक्ष मनोज केशरवानी, कोषाध्यक्ष सतीश साहू, सह सचिव सी.एम. कुशवाहा, पुस्तकालय सचिव प्रदीप नामदेव सहित नीरज द्विवेदी, राममिलन प्रजापति, राजा करण केवट, समीर ताम्रकार, नारायण चौधरी सहित अन्य अधिवक्ता सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु संघर्ष करने का संकल्प लिया।



## ग्राम हरदुआ में फसल आग की चपेट में आने से बची

▶ फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया

**नवभारत,पाटन।** पाटन के ग्राम हरदुआ में रविवार सुबह लगभग 11:00 बजे एक खेत के पास अचानक आग भड़क उठी। आग आसपास की झाड़ियां में फैलने लगी थी धीरे-धीरे आग ने भीषण रूप लेना शुरू कर दिया आसपास के लोगों ने आग को बचाने की कोशिश की लेकिन इस पर काबू नहीं पा पा रहे थे मामले की सूचना पाटन फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई पाटन फायर ब्रिगेड के चालक शेख शरीफ, चिंटू भुर्रक, दीपक पटेल फायर ब्रिगेड सहायक के द्वारा मौके पर पहुंचे और वहां पहुंचकर उन्होंने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड सहायक दीपक पटेल का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो फिर बड़ा नुकसान भी हो सकता था। गौरतलब है कि गर्मी का मौसम आते ही धीरे-धीरे आगजनी की घटनाएं भी सामने आ रही है।

## महाकाली माता मंदिर सुकरी में महाआरती का आयोजन



**नवभारत,सुकरी।** रविवार को महाकाली माता मंदिर सुकरी में ग्राम के मानक पटेल, विनोद कुमार पटेल, अनिल पटेल, गुडन पटेल, परिवार की ओर से चतुर्थ पर्व की महाआरती एवं महाप्रसाद अर्पित किया गया। जिसमें ग्राम समस्त श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पंचमी पर्व की महाआरती देवीसिंह पटेल, प्रकाश पटेल, रोहित सिंह, राहुल, राज, आकाश, अरमान पटेल की ओर से माता के चरणों में समर्पित की जाएगी ।



## भेड़ाघाट नगर परिषद में नर्मदा जल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत,भेड़ाघाट ।** भेड़ाघाट नगर परिषद के सभागार में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह द्वारा एडीबी से वित्त पोषित भेड़ाघाट समूह नर्मदा जल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भेड़ाघाट, पाटन, कटंगी, मंझौली, सिहोरा, पनागर एवं तेंदूखेड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रमुख अभियंता आनंद सिंह द्वारा सभी नगर पालिकाओं को निर्देशित किया गया कि वे जल शोधन संयंत्र के बिजली बिल भेड़ाघाट नगर परिषद के एस्क्रो खाते में 31मार्च के पूर्व जमा करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर परिषद द्वारा बोरवेल से पानी की सप्लाई बंद की जाए, क्योंकि दोनों स्त्रोतों से जल आपूर्ति होने के कारण नगर परिषद पर बिजली बिल का दोहरा भार पड़ रहा है।बैठक में संयुक्त संचालक जबलपुर नगरीय विकास एवं आवासविभाग श्री परमेश जलोटे, परियोजना प्रबंधक जबलपुर इकाई गोपाल गुप्ता, सहित सभी संबंधित उपस्थित रहे।

## 15 वर्ष वर्ग की बालिकाओं की चयन ट्रायल 25-26 को

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक के अनुसार, मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा 15 वर्ष वर्ग (ओपन बालिक) के चयन हेतु ट्रायल 25 और 26 मार्च 2026 को एमपीसीए मैदान, नीमखेड़ा में आयोजित किया जाएगा। इसमें जन्मतिथि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच की बालिकाएं भाग ले सकती हैं। चयन प्रक्रिया में रेखा पुणेकर और दीपिका त्यागी चयनकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। चयनित बालिकाओं को अगली प्रक्रिया के लिए इंदौर जाना होगा। पूर्व में चयनित बालिकाएं और जो पहली बार ट्रायल दे रही हैं, सभी इसमें शामिल हो सकती हैं। जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिले, क्लब, अकादमी और स्कूल की बालिकाएं जन्म प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हों। इस ट्रायल के लिए टीए/डीए नहीं दिया जाएगा, सभी खर्च खिलाड़ी खुद वहन करेंगी।



## बरगी विस में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

**नवभारत,जबलपुर।** बरगी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जलसा बारात होटल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बरगी, तिलवारा और चारगंवा मंडलों के लिए किया गया था। इस प्रशिक्षण वर्ग में विधायक नीरज सिंह ठाकुर की उपस्थिति में सभी सत्र सम्पन्न हुए। प्रथम दिवस में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने की। इसके बाद दूसरे सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. सुभाष रानू तिवारी, तीसरे सत्र में प्रदेश कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैनऔर चौथे सत्र में जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। दूसरे दिन का प्रथम सत्र जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज बघेल ने संभाला। इसके बाद द्वितीय सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार पटेल, तीसरे सत्र में जिला महामंत्री राजेश दहिया और चौथे सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया तथा जनपद अध्यक्ष चंद्रकिरण गोस्वामी ने प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न किए। प्रशिक्षण के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष आशीष पटेल और पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला थे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्षों की भी उपस्थिति रही। बरगी मंडल अध्यक्ष बृज किशोर विश्वकर्मा, चारगंवा मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय और तिलवारा मंडल अध्यक्ष रजनीश सिंह राजपूत ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस प्रशिक्षण महाअभियान में भाजपा के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता, पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, मातृशक्ति, सरपंच और जनपद सदस्य उपस्थित रहे। समस्त कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों की सक्रिय भागीदारी से यह प्रशिक्षण महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## जाति, वर्ग और भेदभाव से उठकर समाज की एकजुटता ही लक्ष्य

▶ बेलखाड़ू व बघोडा में संघ की शाखा का संचालन



**नवभारत,बेलखाड़ू ।** नववर्ष एवं वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर ग्राम बेलखाड़ू स्थित हनुमान मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा शाखा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रात: 9:30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें आद्य सरसंघचालक प्रणाम एवं बौद्धिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में संघ की स्थापना के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई थी। उनका उद्देश्य राष्ट्र को संगठित करना, समाज में अनुशासन एवं संस्कारों का विकास करना और एक सशक्त भारत का निर्माण करना था। इस अवसर पर जिला कार्यवाह जयराज सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शाखा ही व्यक्ति निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित शाखा से अनुशासन, चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित होती है, जो समाज और देश को मजबूत बनाती है। इसी क्रम में ग्राम बघोड़ा में भी खंड कार्यवाह दीपक तिवारी द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया, जहां शाखा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शारीरिक प्रमुख दीप रजक, खंड व्यवस्था प्रमुख सुनील पटेल, शाखा कार्यवाह रोहित मेहरा, पत्रकार राकेश नगाइच, पत्रकार रवि पटेल,जतिन उपाध्याय , राजेंद्र उपाध्याय पप्पू साहू, ललित बर्मन, प्रचार प्रमुख रिंकू रजक, अभिषेक राजपूत ,मोंटी नगाइच,गौरव साहू ,अमित नामदेव, मनीष साहू , सहित अनेक स्वयंसेवक एवं बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम हनुमान मैदान, बेलखाड़ू में सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

क्रिकेट | अंतर जिला अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक मुकाबला

# जबलपुर ने डिंडोरी पर बनाई बड़ी बढ़त, मैच हुआ ड्रॉ



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-13 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान जबलपुर और डिंडोरी के बीच मुकाबला रोमांचक ड्रॉ पर समाप्त हुआ। यह मैच ओलंपिक ग्राउंड ईस्ट लैंड और सुभाष ग्राउंड वेस्ट लैंड स्टेडियम, खमरिया में खेला गया। जबलपुर ने अपनी पहली पारी 316 रनों पर 7 विकेट से घोषित की। डिंडोरी की टीम पहली पारी में 79 रनों पर सिमट गई। डिंडोरी से रमनदीप सिंह ने 27, शास्वत तिवारी ने 12 और पवन कुमार मारूवा ने 11 रन बनाए। जबलपुर की तरफ से यश पटेल और सर्मथ ने 3-3, आरूष ने 2, रणबीर सिंह और अश्विन ने 1-1 विकेट लिए। इस पारी के बाद जबलपुर को 237 रनों की बढ़त हासिल हुई।

### दूसरी पारी में जबलपुर ने लक्ष्य किया निर्धारित

जबलपुर की दूसरी पारी 52 रनों पर 8 विकेट गिरने के बाद घोषित की गई। सर्मथ राज पांडे ने 18 और अश्विन पटेल ने 15 रन बनाए। डिंडोरी के सामने 290 रनों का लक्ष्य रखा गया। पवन कुमार मारूवा ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए, हर्षित बघेल और तनिष्क विश्वकर्मा ने 2-2 विकेट चटकाए।

### आज से होंगे आगामी मुकाबले

जानकारी के अनुसार 23-24 मार्च 2026 को कटनी विरुद्ध पांढुर्णा और सिवनी विरुद्ध छिंदवाड़ा के मैच सुभाष ग्राउंड वेस्ट लैंड और ओलंपिक ग्राउंड ईस्ट लैंड, खमरिया में सुबह 9:30 बजे से खेले जाएंगे।

### डिंडोरी की दूसरी पारी और ड्रॉ का नतीजा

डिंडोरी ने दूसरी पारी में 87 रनों पर 7 विकेट गंवा दिए। तनिष्क विश्वकर्मा ने 38, अर्थव और शाश्वत तिवारी ने 15-15 रन बनाए। जबलपुर की ओर से सहज राजपूत, अश्विन पटेल और मानवेन्द्र सिंह ने 2-2 विकेट लिए, आरूष विश्वकर्मा ने 1 विकेट लिया। मैच ड्रॉ रहा। संक्षिप्त स्कोर में जबलपुर: 316/7, 52/8 घोषित एवं डिंडोरी: 79, 87/7 रहा। मैच में अंपायर की भूमिका अमित यादव, रामा राव ने निभाई एवं स्कोरर अंकित यादव रहे।



## राइजिंग फार्मा बनी डर्मा प्रीमियर लीग की चैम्पियन

नवभारत,जबलपुर। डर्मा प्रीमियर लीग 2026 के सीजन 4 का रोमांचक फाइनल सुपर संडे को श्री राम कॉलेज, जबलपुर में खेला गया। इस मुकाबले में राइजिंग फार्मा ने यू टी डी को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत हासिल की। मैच का हीरो रहे रबनीश, जिन्होंने अपनी दमदार बल्लेबाजी से टीम को विजयी बनाया। इस मैच का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया।

मुख्य अतिथियों में अंकित श्रीवास्तव (राजवीर फार्मा), रिशांत (स्वास्तिक फार्मा), राजुल करसोलिया (श्री राम कॉलेज संचालक), सुधांशु गुप्ता (एमएम इंटरनेशनल स्कूल संचालक), रणधीर सिंह, शशांक कोष्ठा (जबलपुर डिविजन क्रिकेट कोच), प्रवीण शर्मा, अमित ठाकुर, अग्रज शर्मा, वरुण वर्मा, और शशांक गर्ग शामिल रहे। आयोजन समिति की तरफ से मुख्य अतिथि अभिषेक साहू, विनीत पांडे, धर्मेंद्र यादव, देवेंद्र तिवारी, परमेंद्र राजपूत, ओम प्रकाश शाह, राजेश चक्रवर्ती, अरविंद पटेल, जय संयाम, अतुल जैन, लकी पटेल, सचिन सिंह, सुनील मिश्रा, विवेक ठाकुर, अभिजीत लखेरा और अजय चौधरी रहे।

इस अवसर पर कमिटी सदस्य दिनेश शाह, सुरेंद्र तिलक, पीयूष दुबे, भूपेंद्र नामदेव, अंसुल, आयुष, अनिल आदि उपस्थित रहे और पूरे आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। फाइनल मैच और आयोजन दोनों ही उत्साहपूर्ण और यादगार रहे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्र. - 10, रांझी नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक स. अधि./10/एम/281/2025-2026
दिनांक :- 18/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशुतोष अरुण पाढेण पिता श्री अरुण पाढेण भवन/भूखण्ड / खसरा क्र. 308/2 का भाग/ प्लाट नं. एल-2 पिन नं. 2000116426 वार्ड क्र. 70 वार्ड का नाम लाला लाज पत राय के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्रीमति सरिता दुबे पति श्री चन्द्र प्रकाश दुबे के स्थान पर क्षेत्रफल भूमि 509 व.फु. विक्रय पत्र, आधार कार्ड पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु/शास. नजूल भूमि/भवन में काबिज नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है। जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति है तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्र. 10 रांझी में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्र. - 10,**
**रांझी नगर निगम जबलपुर**